# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 4 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 4 2020

समय :3 घण्टा ] [पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5-5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक (1x5x5=25) हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 से 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 से 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7 +3 = 10) अंक निर्धारित हैं। 'अ' खण्ड के लिए 7 अंक हैं। शब्द-सीमा 200 से 250 शब्द है। खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5=5

(i) मीराबाई की रचना है

(क) गीत गोविन्द की टीका, (ख) सबद, (ग) रमैनी, (घ) नीति के दोहे।

(ii) तुलसीदास के गुरु का नाम था-

(क) नरहरि दास, (ख) रामानन्द, (ग) हरिहर दास, (घ) बल्लभाचार्य।

(iii) पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का जन्म हुआ था-

(क) गोवर्धन में, (ख) वाराणसी में, (ग) मथुरा में, (घ) आँवलखेड़ा में।

(iv) 'माटीवाली' के रचनाकार हैं-

(क) विद्यासागर नौटियाल, (ख) सरदार पूर्णसिंह, (ग) श्रीराम शर्मा, (घ) उपेन्द्रनाथ अश्क'।

(v) स्वर सन्धि के भेद होते हैं-

(क) चार, (ख) पाँच, (ग) छः, (घ) सात।

उत्तर-(i) (क), (ii) (क), (iii) (घ), (iv) (क), (v) (ख)।

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(i) तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य ..............है। (रामचन्द्रिका/रामचरितमानस)

(ii) 'कर्मवीर' पाठ के लेखक ......... हैं। (अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'/ प्रेम भारती)

(iii) 'हँसिए और स्वस्थ रहिए' के रचनाकार ........... हैं। (श्रीमन्नारायण/श्रीराम शर्मा)

(iv) 'मजदूरी और प्रेम' .............. है। (कहानी/निबन्ध)

(v) 'उन्नति' शब्द का विलोम ............... है। (पतन/अवनति)

उत्तर-(i) रामचरितमानस, (ii) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', (ii) श्रीराम शर्मा, (iv) निबन्ध, (v) अवनति।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य चुनकर लिखिए- 1x5=5

(i) ईश्वर में विश्वास रखने वाला आस्तिक कहलाता है।

(ii) 'भोजनालय' शब्द में व्यंजन सन्धि है।

(iii) 'कर्मवीर' कविता में ओजगुण है।

(iv) 'सूखी डाली' एक पारिवारिक एकांकी है।

(v) हँसने से जल्दी थकान हो जाती है।

उत्तर-(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) योगी अरविन्द | (क) तुम वही दीपक बनोगे |
| (ii) वायुमण्डल है विषैला | (ख) जीवनी |
| (ii) जंगल में महामंगल | (ग) चिरंजीवी |
| (iv) चंचु | (घ) कर्मवीर |
| (v) लम्बे समय तक जीने वाला | (ङ) चोंच |

उत्तर-(i) → (ख), (ii)→ (क), (iii)-→ (घ), (iv) → (ङ), (v) → (ग)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(i) 'गुप्त' का विरोधी शब्द क्या है ?

(ii) पूर्ण विराम का प्रयोग कब किया जाता है ?

(iii) 'सम्पत्तिशास्त्र' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

(iv) 'शबरी' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(v) नाटक में किसकी प्रधानता होती है ?

उत्तर-(i) प्रकट, (ii) वाक्य पूर्ण होने पर, (iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी,

(iv) डॉ. प्रेम भारती, (v) अभिनय की।

प्रश्न 6. किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना है ? 2

अथवा

दीर्घ जीवन के मुख्य सूत्र क्या हैं ?

प्रश्न 7. बेला के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

राजा ने मंत्रियों के समक्ष कौन-सी इच्छा प्रकट की ?

प्रश्न 8. श्रेष्ठ कहानी की विशेषताएँ बताइए। 2

अथवा

हिन्दी में उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ? उनके दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

प्रश्न 9. एकांकी विधा से आप क्या समझते हैं ? हिन्दी के दो एकांकीकारों के नाम लिखिए। 2

अथवा

संस्मरण का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए दो संस्मरण लेखकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए- 2

देवालय, अतएव।

अथवा

'कर्मधारय समास की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- 2

कान, गाँव।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

रात्रि, पत्थर।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिएउपकार, लाभ। 2

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(i) जो आसानी से प्राप्त हो जाता है।

(ii) जो मीठी बाणी बोलता है।

प्रश्न 13. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 2

(i) प्रवीण कक्षा का सबसे बुद्धिमान विद्यार्थी है। (निषेधवाचक)

(ii) शालिनी विद्यालय जाती है। (प्रश्नवाचक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए- http://www.mpboardonline.com

(i) वह दण्ड देने योग्य है। (ii) मेले में काफी मात्रा में आदमी आये थे।

प्रश्न 14. निम्नलिखित में उचित विराम चिह्न लगाइए- 2

"हे नवयुवाओ देशभर की दृष्टि तुम पर है लगी है मनुज जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी दोगेन तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में देखो कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में"

अथवा

मुहावरा और लोकोक्ति में कोई दो अन्तर लिखिए।

प्रश्न 15. कोई दो लोकोक्तियाँ लिखिए। 2

अथवा

समास किसे कहते हैं ? कोई एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 16. कवि तुलसीदास जी को अपनी इन्द्रियों पर हँसी क्यों आती है ? 3

अथवा

'सत की नाव खेवटिया सतगुरु' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। इस पंक्ति को लिखने वाले कवि/कवयित्री का नाम क्या है?

प्रश्न 17. कर्मवीर कौन-कौनसे बड़े काम करके दिखा देते हैं ? 3

अथवा

'आदमी की पीर गूंगी ही सही' में कवि ने आदमी की पीर की तुलना किस-किससे की है?

प्रश्न 18. 'शब्द स मह खो गया है।' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

'पोटली विष की भरी है' का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. संस्कृति जीवन के लिए आवश्यक क्यों है ? 3

अथवा

महावीर प्रसाद द्विवेदी को 'सरस्वती' पत्रिका के प्रकाशन के लिए किस तरह के प्रलोभन दिये जाते थे ? इस सम्बन्ध में उनकी क्या प्रतिक्रिया होती थी?

प्रश्न 20. मनुष्य का साधारण जीवन श्रेष्ठता कब प्राप्त कर सकता है? 3

अथवा

'खिन्नता मानव जीवन का अभिशाप है।' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. माटी वाली का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

अथवा

'कश्मीर की मिट्टी में ही प्यार-मुहब्बत की महक है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 22. संस्कृति से आप क्या समझते हैं? भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ बताइए। 4

अथवा

सम्राट अशोक के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 23. 'वह देश कौन-सा है?' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 4

अथवा

'बरखा गीत' में प्रयुक्त प्रतीकों को समझाइए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सनसंग व्याख्या कीजिए- 4

भोजन-भोजन सभी एक हैं,
किन्तु वही है वर भोजन।
जहाँ प्रेम की धारा बहती,
और शान्ति का आयोजन

बेर-बेर मैं इन बेरों की,
शबरी करता मृदुल सराह।
और बेर मुझको दो सत्वर,
खाते-खाते बढ़ती चाह ।।

अथवा

एक खण्डहर के हृदय-सी, एक जंगली फूल-सी, आदमी की पीर, गूंगी ही सही, गाती तो है।
एक चादर साँझ ने सारे नगर पर डाल दी, यह अँधेरे की सड़क उस भोर तक जाती तो है।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

संसार में मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। हम समाज से अलग नहीं हैं। समाज को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। संगति का प्रभाव मनुष्य पर बहुत ज्यादा पड़ता है। बुरे आदमियों की संगति में हम अच्छे नहीं रह सकते। जब परिवार के सभी आदमी दुःख से कराहत हैं, हम हँस नहीं सकते। हमें समाज के साथ ही रहना है। अतः हम अपने परिवार तथा समाज को सुखी रखकर ही स्वयं सुखी रह सकते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि उनके पास समाज सेवा के लिए समय नहीं है। यह बात उचित नहीं है। आदमी समाज के दुःख-दर्द से जुड़कर ही सुखी जीवन जीता

प्रश्न- (i) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(ii) संगति का प्रभाव किस प्रकार पड़ता है ? 1

(iii) आदमी सुखी जीवन कैसे जीता है? 1

(iv) गद्यांश का सारांश लिखिए। 2

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हे नवयुवाओ! देशभर की दृष्टि तुम पर है लगी,

हे मनुज! जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी।

दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में ?

देखो, कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में ?

प्रश्न-(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) कवि के अनुसार देशभर की दष्टि कहाँ लगी है?

प्रश्न 27. अपने प्रिय मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें पर्वतीय प्रदेश की यात्रा का वर्णन हो। 5

अथवा

निर्धन छात्र-निधि से सहायता हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 7

(i) स्वदेश प्रेम,

(ii) कम्प्यूटर : एक वैज्ञानिक चमत्कार,

(iii) हमारा मध्य प्रदेश,

(iv) वन महोत्सव,

(v) व्यायाम एवं स्वास्थ्य।

ब) उपर्युक्त में से जिस विषय पर निबन्ध लिखा गया हो उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध की रूपरेखा लिखिए। 3